# Bihar : नकली हार्पिक बाथरुम क्लीनर बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश

**PURNIA :** पूर्णिया में डेढ़ करोड़ का नकली कीटनाशक और 'हार्पिक' बाथरूम क्लीनर जब्त किया गया है। बंद घर से नकली कीटनाशक और हार्पिक बाथरूम क्लीनर बनाने का गोरखधंधा चल रहा था। वहीं, छापेमारी होते ही धंधेबाज और उसकी पत्नी पुलिस टीम को चकमा देकर भाग निकले।

ये पूरा धंधा रूपौली थाना क्षेत्र के बिरौली बाजार में चल रहा था। बायर कॉर्प साइंस लिमिटेड कंपनी की लीगल टीम ने करीब तीन महीने तक रेकी की। इसके बाद बिरौली बाजार मिल चौक स्थित एक बंद घर में रेड कर लगभग डेढ़ करोड़ का नकली कीटनाशक और हार्पिक बाथरूम क्लीनर जब्त किया। मामले की जानकारी देते हुए लीगल टीम लीडर रंजीत कुमार ने बताया कि उन्हें डुप्लीकेट नोटिवा नामक 100 ग्राम का कीटनाशक बाजार में धड़ल्ले से बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। इसके खुलासे के लिए कंपनी के वरीय अधिकारी से बात कर एक टीम बनाई गई। टीम लगातार तीन महीने तक रेकी करती रही।

पुष्टि के बाद जैसे ही टीम को इस बात की भनक लगी कि कंपनी का कीटनाशक बिरौली बाजार के मि चौक स्थित सकील आलम के घर में तैयार हो रहा है। बगैर वक्त गंवाए टीम ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला कृषि पदाधिकारी को दी। शिकायत मिलते ही डीएओ ने सहायक निदेशक पौधा संरक्षण जय किशन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की, जिसमें एसओ धमदाहा सुशांत सौरभ और बीएओ राघव प्रसाद को शामिल किया गया।

Source: https://kashishnews.com/news/factory-manufacturing-fake-harpic-bathroom-cleaner-busted-614469